re>**Title:** Need for setting up additional Thermal Power House in Madhya Pradesh to meet increasing electricity problem in the State -laid.

श्री रामेश्वर पाटीदार (खरगोन) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान वर्तमान समय में विद्यमान विद्युत संकट की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जहां उत्पादन क्षमता की तुलना में विद्युत की मांग काफी अधिक है तथा निरन्तर बढ़ती ही चली जा रही है। जहां देश के अन्य भागों में विद्युत का संकट है वहां मध्य प्रदेश में ि वद्युत का भारी संकट है जिससे औद्योगिक व कृषि उत्पादन पर विपरीत असर पड़ता है। मैं विद्युत संकट की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन करना चाहूंगा कि वर्ष १९९६ में टैंथ पावर सर्वे में जो अनुमान लगाए गए हैं उनके अनुसार १९९८ तक विद्युत की मांग की तुलना में कुल विद्युत उत्पादन लगभग ४०० मैगावाट कम होगा और इस ४०० मैगावाट की पूर्ति के लिए अतिरिक्त ६०० मैगावाट ताप विद्युत के उत्पादन की व्यवस्था १९९८ तक करें ताकि आदिवासी ग्रामों में औद्योगिक विद्युत संकट दूर हो सके।